बिहार वित्त सेवा संघ,वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पत्रांकः– 11 दिनांकः– 27.11.2021

सेवा में,

सभी राज्य–कर अपर आयुक्त (प्र0), / (अपील), / (अंकेक्षण) /
सभी अंचल प्रभारी, /
बिहार वित्त सेवा के सभी पदाधिकारी।

विषय :– संघ द्वारा प्रकाशित किये जाने वाले Souvenir में सम्मिलित किये जाने वाले विज्ञापन सामग्री के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषयक संदर्भ में हर्षपूर्वक सूचित करना है कि संघ द्वारा माह जनवरी 2022 में एक Souvenir प्रकाशित किया जाना प्रस्तावित है। Souvenir में बिहार वित्त सेवा के पदाधिकारियों का Profile, कराधान से संबंधित लेख, बिहार की अर्थव्यवस्था से संबंधित लेख एवं साहित्यिक सामग्री इत्यादि सम्मिलित किया जाना प्रस्तावित है।

Souvenir के मुद्रण से संबंधित खर्च वहन करने हेतु इच्छुक व्यक्तियों / संगठनों से Souvenir में प्रकाशित किये जाने हेतु विज्ञापन सामग्री आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। विज्ञापन प्रकाशन हेतु निम्नवत् दर निर्धारित किया गया है :–

क्रम संख्या	साईज	स्वरूप	दर
01	अंतिम आवरण पृष्ठ का पार्श्व भाग (पूर्ण पृष्ठ)	रंगीन	रू0 30,000.00
02	अंतिम आवरण पृष्ठ का आंतरिक भाग (पूर्ण पृष्ठ)	रंगीन	रू0 25,000.00
03	पूर्ण पृष्ठ (Souvenir के अंदर)	रंगीन	रू0 20,000.00
04	आधा पृष्ठ (Souvenir के अंदर)	रंगीन	रू0 10,000.00
05	चौथाई पृष्ठ (Souvenir के अंदर)	रंगीन	रू0 5,000.00

प्रश्नगत संदर्भ में अनुरोध है कि इच्छुक व्यक्तियों / संगठनों यथा व्यवसायी, व्यवसायिक कंपनी, स्वयंसेवी संगठन, चैम्बर ऑफ कामर्स इत्यादि से विदित दर पर विज्ञापन सामग्री प्राप्त कर उपलब्ध कराने का कष्ट करें। विज्ञापन शुल्क का भुगतान बैंक ड्राफ्ट, चेक के माध्यम से किया जा सकता है, जो Bihar Finance Services Association के पक्ष में भुगतेय होगा।

आपका सहयोग संघ के लिए बड़ा संबल होगा।

सधन्यवाद!

विश्वासभाजन,

27.11.2021

अध्यक्ष,
(एन0 के0 सिंह)
बिहार वित्त सेवा संघ, पटना।